हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 3 मई 2026, समय 13:05 (5 मिनट)

सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने प्रख्यात गीतकार, लेखक और संचार विशेषज्ञ प्रसून जोशी को भारत के लोक सेवा प्रसारक, प्रसार भारती का अध्यक्ष नियुक्त किया है। श्री जोशी का साहित्य, विज्ञापन, सिनेमा और जन संचार के क्षेत्र में व्यापक योगदान रहा है। अपने प्रभावशाली लेखन और गहन सांस्कृतिक संवेदनशीलता के लिए प्रसिद्ध श्री जोशी की समकालीन भारतीय मीडिया की दिशा को तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका रही है। सूचना प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि उनके नेतृत्व में प्रसार भारती नई ऊर्जा, उद्देश्य और रचनात्मकता के साथ काम करेगी।

भारत आ रहे मार्शल आइलैंड्स ध्वज के एल.पी.जी. टैंकर, एमटी सर्व शक्ति, ने होर्मुज जलडमरूमध्य को सुरक्षित पार कर लिया है। इसमें 46 हजार 313 मीट्रिक टन एलपीजी है और 18 भारतीयों सहित चालक दल के 20 सदस्य सवार हैं। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार इस टैंकर के 13 मई तक विशाखापत्तनम पहुंचने की उम्मीद है।

पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय ने कहा है कि क्षेत्र में सभी भारतीय नाविक सुरक्षित हैं और भारतीय ध्वज वाले जहाजों से जुड़ी कोई घटना दर्ज नहीं की गई है।

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने गर्मी के मौसम के मद्देनजर प्रदेश के सभी हिस्सों में पीने के पानी की आपूर्ति को प्राथमिकता के आधार पर

सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने नहरों से जुड़े सभी तालाब, जलघर और अन्य जलाशयों को भरकर रखने को कहा है। मुख्यमंत्री ने कल चंडीगढ़ में जन स्वास्थ्य विभाग व सिंचाई विभाग सहित अन्य विभागों के अधिकारियों के साथ पेयजल व कृषि सिंचाई के लिए पानी की स्थिति की समीक्षा करते हुए यह निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि जहां ट्यूबवेल आधारित जलापूर्ति होती है वहां यदि कोई ट्यूबवेल खराब हो जाता है तो उसे प्राथमिकता के आधार पर ठीक करवाया जाए। उन्होंने यह निर्देश भी दिए कि यदि जरूरत पड़े तो लोगों को टैंकर से भी पानी उपलब्ध करवाया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि हिमाचल प्रदेश व उत्तर प्रदेश से संबंधित किशाऊ सहित अन्य जल परियोजनाओं के संबंध में जल्द ही जल शक्ति मंत्रालय के साथ बैठक की जाएगी जिसमें इन राज्यों के अधिकारी भी शामिल होंगे। बैठक में अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि इस बार भाखड़ा बांध में पानी का स्तर 36 फुट से अधिक है। और हरियाणा ने भाखड़ा बांध से अपने कोटे का अभी तक केवल 75-76 प्रतिशत पानी ही इस्तेमाल किया है।

हरियाणा की मंडियों में वर्तमान रबी खरीद सीजन के दौरान पहली मई तक लगभग 83 लाख 87 हजार 482   मीट्रिक टन से अधिक गेहूं की आवक हुई है। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले राज्य मंत्री राजेश नागर ने बताया कि इसमें से 80 लाख 18 हजार मीट्रिक टन से अधिक गेहूं की खरीद की जा चुकी है और आगे भी खरीद का काम जारी है। उन्होंने बताया कि सरसों की खरीद 28 मार्च और गेहूं की खरीद पहली अप्रैल से आरम्भ हुई थी। उन्होंने बताया कि प्रदेश की मंडियों में पहली मई तक लगभग 57 लाख मीट्रिक टन गेहूं का उठान हो गया है। इसी तरह मंडियों से 22 हजार 734 मीट्रिक टन से अधिक सरसों का उठान हो चुका है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा खाद्यान्नों की खरीद हेतु पुख्ता प्रबंध किए गए हैं और किसानों को अपनी उपज की बिक्री करने में कोई परेशानी नहीं आने नहीं दी जाएगी। राज्य सरकार 'मेरी फसल मेरा ब्यौरा' पोर्टल पर पंजीकृत किसानों से उनकी

फसल के एक - एक दाने की खरीद न्यूनतम समर्थन पर मूल्य करने के लिए प्रतिबद्ध है।

आज चंडीगढ़, कुरूक्षेत्र , अंबाला और आसपास के क्षेत्रों में चली तेज़ आंधी ने यहां लोगों की मुश्किल बढ़ाई वहीं बारिश ने लोगों को भीषण गर्मी से राहत भी दी। वर्षा के बाद तापमान में गिरावट दर्ज की गई। अंबाला से हमारे संवाददाता ने बताया है कि   किसान आज हुई बारिश से खुश हैं। किसानों का कहना है कि गेहूं की कटाई पूरी हो चुकी है , अब यह बारिश खेतों के लिए फायदेमंद साबित होगी। उनका मानना है कि बारिश से जमीन में नमी बढ़ेगी, जिससे आगामी फसलों की बुवाई में मदद मिलेगी और सिंचाई की जरूरत भी कम पड़ेगी।

मौसम विभाग ने पंजाब, हरियाणा और चंडीगढ़ में **कल और परसों कहीं कहीं, ग़रज़ व चमक के साथ 50 से 60 किलोमेटर प्रति घंटे की रफ्तार से आंधी चलने और ओलावृष्टि होने की संभावना □ताई है। ओलावृष्टि होने से तापमान में ि□रावट द□ हो□ी। विभा□ ने कहा है कि 6 मई को भी कहीं कहीं □र□ चमक के साथ 40 से 50 किलो मीटर प्रति घंटा के रफ्तार से आंधी चलने की संभावना है** और आज भी दोनों प्रदेशों के कुछेक इलाकों में ऐसी संभावना बनी रहेगी।

प्रसिद्ध पंजाबी और बॉलीवुड गायक मिका सिंह ने कल चंडीगढ़ में पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया से शिष्टाचार भेंट की।बैठक के दौरान राज्यपाल ने गायक से राज्य में नशा विरोधी अभियान से जुड़ने का आग्रह किया।